# भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन 7 सत्र आयोजित
# कार्यकर्ताओं को मिला संगठनात्मक एवं वैचारिक प्रशिक्षण

**आलीराजपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के आलीराजपुर जिले का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग मंगलवार को जोबट स्थित श्री गार्डन में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में जिलेभर से आए 100 से अधिक भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए संगठनात्मक कार्यपद्धति, वैचारिक अधिष्ठान, मीडिया प्रबंधन, कार्य विस्तार एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं सहित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।**

प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ भारत माता एवं पार्टी के पितृ पुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन अवसर पर संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, वरिष्ठ नेता बाबूलाल रघुवंशी, प्रदेश संगठन की ओर से जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मनोज सोमानी, जिला प्रभारी दिलीप पटोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष (मकू) परवाल, कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, सांसद अनिता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मोंटू शाह, पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर शाह, राकेश अग्रवाल, पूर्व विधायक माधोसिंह डावर एवं युवा नेता विशाल रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम की प्रस्तावना भाजपा जिलाध्यक्ष मकू परवाल ने रखी वही प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मनोज सोमानी ने मार्गदर्शन देते हुए दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए वर्ग को प्रारंभ किया। विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि उद्घाटन सत्र के पश्चात सभी अतिथियों ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर पूरे 7 सत्रों में अपना संगठनात्मक ज्ञानार्जन किया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष (मकू) परवाल ने की। मुख्य वक्ता बाबूसिंह रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए कार्यकर्ता निर्माण, दायित्व बोध एवं संगठनात्मक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। द्वितीय सत्र में वरिष्ठ नेता एम.एल. जैन की अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे ने मीडिया एवं सोशल मीडिया की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने नमो एप एवं संगठन एप की कार्यप्रणाली समझाते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी और कार्यकर्ताओं से सकारात्मक संवाद को मजबूत करने का आह्वान किया। तृतीय सत्र में संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने भाजपा की कार्यपद्धति पर विस्तृत उद्बोधन दिया। उन्होंने भाजपा के पांच 'क' – कार्यकर्ता, कार्यक्रम, कार्यकारिणी, कोष एवं कार्यालय – की महत्ता बताते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। साथ ही प्रवास, संवाद एवं समन्वय जैसी संगठनात्मक व्यवस्थाओं को भाजपा की ताकत बताया। चतुर्थ सत्र में मंदसौर से आए वक्ता मदनलाल राठौड़ ने भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान पर प्रकाश डाला। उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानव दर्शन, राष्ट्र प्रथम की अवधारणा एवं भाजपा की पंच निष्ठा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का वैचारिक आंदोलन है। पंचम सत्र में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तिगांव ने केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान, गरीब एवं ग्रामीण हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। षष्ठम सत्र में अतिथि वक्ता नानूराम कुमावर ने संगठन विस्तार विषय पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का लक्ष्य केवल राजनीतिक विस्तार नहीं, बल्कि समाज में राष्ट्र चेतना का जागरण था। उन्होंने भौगोलिक एवं सामाजिक विस्तार के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ संवादात्मक शैली में सत्र संचालित किया। दिन के अंतिम एवं सप्तम व्यावहारिक सत्र में वक्ता अशोक अधिकारी ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली, प्रभावी वक्तृत्व कला, कार्यालय संचालन, चुनाव प्रबंधन एवं विभिन्न संगठनात्मक व्यवस्थाओं के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**दिवंगत कार्यकर्ताओं को मिला सम्मान–** विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशिक्षण वर्ग में नवाचार करते हुए भाजपा के स्थानीय दिवागत सेवाभावी कार्यकर्ताओं को याद करते हुए उन्हें सम्मान देते हुए सत्र के विभिन्न भागो का नामकरण किया गया। जिस हाल में प्रशिक्षण वर्गों के सभी सत्र संचालित हुए उस हाल का नाम 'श्री ज्ञानचंद जी जैन सभाकक्ष' किया गया। वही दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में रात्रि विश्राम हेतु 'श्री भागीरथ जी भवर आवास सदन' नाम के भवन में आवास व्यवस्था में की गई। इसी प्रकार चाय स्वल्पाहार से भोजन तक की पूरी व्यवस्था 'श्री धीरजलाल जी हरसोला भोजनशाला' में संचालित की गई। वही केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं सहित जिले की विशेषताओं एवं किए गए जनकल्याण कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का नाम 'श्री भगवान सिंह चौहान प्रदर्शनी' दिया गया। ये सभी नाम उन कार्यकर्ताओं के है जिन्होंने जनसंघ से लेकर भाजपा तक आलीराजपुर में विशाल वटवृक्ष को बड़ा करने के लिए उसे पूर्ण समर्पण के साथ सिंचित किया।

**सभी कार्यकर्तओ ने किया एकसाथ रात्री विश्राम–** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन बुधवार के सभी सातो सत्रों के बाद जिलेभर के आए भी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने रात्री विश्राम एक साथ श्री गार्डन जोबट में ही करा। जहा मंत्री नागरसिंह चौहान सांसद श्रीमती अनिता चौहान सहित संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मनोज सोमानी, जिला प्रभारी दिलीप पटोदिया, जिलाध्यक्ष मकू परवाल सहित सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित सभी अपेक्षित लोग एक साथ रुके। इस दौरान सामूहिक चर्चा परिचर्चा के साथ मनोरंजन का आनंद लिया।

**मोबाइल हुए जब्त–** जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ के पूर्व सभी प्रशिक्षणार्थियों के मोबाइल मोबाइल पार्किंग में जमा करवा लिए गए। जिससे पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मन पूर्ण रूप से प्रशिक्षण के विषयों पर रहे एवं वह अपने प्रषिक्षण को पूर्ण निष्ठा एवं एकाग्रता से अपने व्यक्तित्व में उतार सके।



## 9 महीने से चकमा दे रहा चोरी का आरोपी गिरफ्तार, 30 हजार का मशरूका बरामद

**शाजापुर (ई)।** मोहन बड़ोदिया थाना पुलिस ने पिछले 9 महीने से फरार चल रहे चोरी के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 30 हजार रुपये कीमत की 5 तराफे भी बरामद कर ली हैं। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था, जिसे आखिरकार पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त मेहनत से सारंगपुर बस स्टैंड से धर दबोचा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आदर्श नगर कॉलोनी शाजापुर के रहने वाले रामबाबू वर्मा ने 30 अगस्त 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 11 अगस्त 2025 की रात को पुराना चौमा की पुलिया के पास से कोई अज्ञात बदमाश उनकी बीज बनाने की तराफे चुरा कर ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। चोरी की इस घटना का पर्दाफाश करने के लिए एसपी यशपाल सिंह राजपूत, एएसपी घनश्याम मालवीय और शाजापुर एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह तोमर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी गोपाल सिंह पिता पप्पूलाल, निवासी ग्राम बाबल्दा, जिला राजगढ़ को पकड़ने के लिए कई बार उसके घर और रिश्तेदारों के यहां दबिश दी गई। लेकिन आरोपी काफी शातिर था और जगह बदल-बदल कर छिपता फिर रहा था। अंततः मुखबिर की सटीक सूचना और साइबर सेल की तकनीकी मदद से 26 मई 2026 की शाम पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को सारंगपुर बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने 27 मई 2026 को आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई 5 तराफे कीमत 30,000 रुपये जब्त की। पुलिस फिलहाल चोरी की इस वारदात में शामिल उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद बुधवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस पूरी कार्रवाई में मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी उनि अरविंद सिंह तोमर, एएसआई महमूद अली, प्रधान आरक्षक हेमेंद्र जादौन, जितेन्द्र सितपरा, आरक्षक सुरेश राठौर, शैलेंद्र गुर्जर, शैलेंद्र शर्मा, अर्जुन बागड़ी, शिवचरण और साइबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सड़क निर्माण के दौरान फूटी मुख्य पाइपलाइन, नई सड़क और आजाद चौक क्षेत्र में जल आपूर्ति ठप - पाइप लाइन फूट गई।



शाजापुर (ई)। भीषण गर्मी के इस दौर में जहां एक तरफ लोग बूंद-बूंद पानी को सहेजने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही के चलते शहर में हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह गया। बस स्टैंड स्थित मस्जिद के सामने लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के काम के दौरान नगरपालिका की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के कारण बुधवार को शहर के नई सड़क और आजाद चौक क्षेत्र में जल आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है, जिससे रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**छह घंटे तक सड़क पर बहता रहा पानी–** प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण के तहत पाइपलाइन क्रॉसिंग का कार्य किया जा रहा था। मंगलवार रात करीब 12 बजे इसी कार्य के दौरान खुदाई में नगर पालिका की पेयजल पाइपलाइन फूट गई। पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होते ही सड़क पर पानी का तेज बहाव शुरू हो गया। बड़ी लापरवाही यह रही कि करीब छह घंटे तक यह अनमोल पानी सड़क पर व्यर्थ बहता रहा और बर्बाद होता रहा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान. जिलेभर में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए जनभागीदारी से हुए विशेष आयोजन

### परंपराए सहभागिता और संकल्प के साथ जल बचाने की अनूठी पहल




**बुरहानपुर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हान पर प्रदेश सहित बुरहानपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान निरंतर जनभागीदारी के साथ संचालित किया जा रहा हैए जो 30 जून तक जारी रहेगा। जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से जिले में लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जिलेभर में जल स्त्रोतों के संरक्षणए स्वच्छता एवं जन.जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।**

**जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए आगे आए ग्रामीण–** ग्राम पंचायत टेम्भी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोत बावड़ी के आसपास साफ.सफाई कर विधि.विधान से पूजन किया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र की प्राचीन पांव.बावडि़यों की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किए गए। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत इच्छापुर में शिव मंदिर के समीप स्थित पांव.बावड़ी की सफाई का कार्य ग्रामीणों द्वारा जनसहयोग एवं श्रमदान कर किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने जल स्त्रोतों को संरक्षित रखने एवं आने वाली पीढियों के लिए इन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया।

**17 प्राचीन पांव.बावडियों के संरक्षण की ओर प्रयास–** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के नेतृत्व एवं सीईओ जिला पंचायत श्री सृजन वर्मा के मार्गदर्शन में जिले की 17 प्राचीन पांव.बावडियों पर विशेष स्वच्छताए पूजन एवं जन.जागरूकता गतिविधियां आयोजित रही। जल स्त्रोतों के संरक्षण के इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियोंए पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

**कलश यात्राओं से दिया जल संरक्षण का संदेश–** ग्राम पंचायत बोरसरए इच्छापुरए बोरगांवए असीरए खामला एवं खातला सहित विभिन्न ग्रामों में कलश यात्राएं निकालकर जल स्त्रोतों का पूजन किया गया। धार्मिक आस्था और सामाजिक चेतना के इस संगम ने जल संरक्षण के संदेश को जन.जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

**परंपरा से जुड़कर संरक्षण की चेतना–** कार्यक्रमों के दौरान पंचायत स्तर पर प्राचीन पांव.बावडियों के इतिहासए भारतीय संस्कृति में जल संरक्षण की परंपरा एवं जल संवर्धन के महत्व पर परिचर्चाएं भी आयोजित की गईं। जल स्त्रोतों एवं जल का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



## कृषि रथ के माध्यम से किसानों तक पहुंच रही योजनाओं की जानकारी

**बुरहानपुर।** पूरे प्रदेश सहित बुरहानपुर जिले में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों के हित में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशन में जिलेभर में कृषि रथ के माध्यम से किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं एवं आधुनिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। उपसंचालक कृषि श्री एमण्एसण्देवके के मार्गदर्शन में कृषि विभाग की टीम विकासखंड स्तर पर गांव.गांव पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद कर रही है। अभियान के अंतर्गत अब तक विकासखंड के लगभग 36 गांवों में पहुंचकर किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा चुकी है। विदित है कि कृषि रथ का शुभारंभ 16 मईए 2026 को किया गया था। अभियान के दौरान किसानों को आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए उर्वरक प्रबंधनए संतुलित खाद उपयोगए प्राकृतिक खेती एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही किसानों को ई.विकास पोर्टल के माध्यम से खाद प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गयीए ताकि किसानों को समय पर उर्वरक आसानी से उपलब्ध हो सके।

### बाबा का मनोहारी श्रंगार किया गया

# नीलकंठ स्वरूप में सजे बाबा ओंकारेश्वर महादेव



**शाजापुर (ईएमएस)। पवित्र अधिकमास के शुभ मौके पर नगर के धानमंडी चौराहा स्थित बाबा ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ का अत्यंत मनमोहक और अलौकिक नीलकंठ स्वरूप् में श्रृंगार किया गया। बाबा के इस दिव्य रूप के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।**

मंदिर के मुख्य पुजारी ओमप्रकाश गोस्वामी द्वारा बुधवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बाबा ओंकारेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया, जिसके पश्चात उन्हें आकर्षक नीलकंठ स्वरूप में सजाया गया। पुजारी ओमप्रकाश गोस्वामी ने बताया कि हिंदू धर्म में अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) के दौरान भगवान शिव की आराधना और विशेष पूजा का अत्यधिक महत्व माना गया है। विषपान कर सृष्टि को बचाने वाले महादेव के नीलकंठ स्वरूप का श्रृंगार क्षेत्र की सुख-शांति और विश्व कल्याण की कामना के साथ किया गया। नीले वर्ण, सुगन्धित पुष्पों, चंदन और भस्म से सजे बाबा के इस अद्भुत और मनमोहक स्वरूप के दर्शन कर भक्तों ने स्वयं को धन्य माना और धर्म लाभ लिया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव, बम-बम भोले और जय श्री नीलकंठ के जयकारों से गूंज उठा। दर्शनार्थियों ने कतारबद्ध होकर शांतिपूर्ण तरीके से बाबा ओंकारेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## नेशनल हाईवे-52 पर दो अलग-अलग सड़क हादसे, कुल छह लोग घायल- दुर्घटनाग्रस्त ट्रक।




शाजापुर (ई)। जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-52 पर रात के समय एक के बाद एक दो सड़क दुर्घटनाएं सामने आईं। इन हादसों में कुल छह लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की डायल-112 टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्परता से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दोनों मामलों को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात सुनेरा निवासी रोहित चंद्रवंशी अपनी बाइक से आगर जिले के अमलहता गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था, तभी रात करीब 9 बजे मझानिया जोड़ के पास रॉन्ग साइड से आ रही एक कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया।

# जनजातीय विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करा रही प्रदेश सरकार- मंत्री

**खण्डवा।** प्रदेश के जनजातीय विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जनजातीय कार्य विभाग लगातार कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिये अनेक योजनायें संचालित की जा रही हैं। विभाग द्वारा हजारों स्कूलों, छात्रावासों और आश्रमों का संचालन किया जा रहा है, जहां लाखों विद्यार्थियों को शिक्षा, छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया है कि सरकार जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनजातीय समाज का हर बच्चा आधुनिक शिक्षा से जुड़े और अपने सपनों को पूरा कर सके। छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश में 17 हजार 794 प्राथमिक विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही 5 हजार 493 माध्यमिक विद्यालय, 1109 उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा 804 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा 8 आदर्श आवासीय विद्यालय एवं 82 माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर भी स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा प्रदेश में 94 सांदीपनि विद्यालय और 26 क्रीड़ा परिसर संचालित किए जा रहे हैं। मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि जनजातीय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ बेहतर आवासीय और खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावास एवं आश्रमों में 1 लाख 49 हजार 104 विद्यार्थियों को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इनमें 92 हजार 547 बालक तथा 56 हजार 557 बालिकाएं शामिल हैं। अनुसूचित जनजाति आश्रमों में 1078 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जिनमें 568 बालक और 510 बालिकाएं शामिल हैं। वहीं जूनियर छात्रावासों में 9 हजार 981 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे है। सीनियर छात्रावासों में 68 हजार 670 तथा महाविद्यालयीन छात्रावासों में 8 हजार 710 विद्यार्थियों को सुविधा दी जा रही है। मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा है कि छात्रावास एवं आश्रमों में विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 5 हजार रुपये की खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराई जाती हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 5 हजार रुपये तथा फर्नीचर एवं उपकरणों के लिए 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष दिए जाते हैं। उत्कृष्ट छात्रावासों में विद्यार्थियों को 2 हजार रुपये तथा महाविद्यालयीन छात्रावासों में 1 हजार रुपये प्रतिवर्ष स्टेशनरी सुविधा प्रदान की जाती है। इसके अलावा उत्कृष्ट छात्रावासों में विद्यार्थियों को प्रतिमाह 200 रुपये पोषण आहार के रूप में दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति छात्रावास एवं आश्रमों में समाचार पत्र-पत्रिकाओं के लिए 5 हजार रुपये, इंटरनेट सुविधा के लिए 2500 रुपये, अध्ययन भ्रमण के लिए 25 हजार रुपये तथा संधारण एवं अनुरक्षण के लिए 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष उपलब्ध कराए जाते हैं। मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जिला एवं विकासखंड स्तर पर संचालित उत्कृष्ट छात्रावासों में 10 माह की कोचिंग व्यवस्था भी की गई है, जिसमें 5 विषय पढ़ाए जाते हैं। अनुसूचित जनजाति छात्रावास एवं आश्रमों में विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति के रूप में बालकों को 1650 रुपये तथा बालिकाओं को 1700 रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनजातीय विद्यार्थियों को शिक्षा के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।